# आजा मेरे सांवरे तेरा इंतज़ार है भजन लिरिक्स

छोटी सी एक अर्जी मेरी,
छोटी सी दरकार है,
आजा मेरे सांवरे,
तेरा इंतज़ार है।bd।

---

मेरी इस अर्जी पे बाबा,
गौर जरा फरमाना,
ग्यारस वाले कीर्तन में तुम,
मेरे घर भी आना,
छोटी सी एक कुटिया मेरी,
छोटा सा परिवार है,
आजा मेरे साँवरे,
तेरा इंतज़ार है।bd।

---

हर ग्यारस पे खाटू वाले,
तेरी ज्योत जलाऊ,
संग सारा परिवार बैठ के,
कीर्तन तेरा गाऊं,
तू ही मेरा श्याम धनी और,
तू ही लखदातार है,
आजा मेरे साँवरे,
तेरा इंतज़ार है।bd।

---

जीवन सारा सौंप दिया है,
बाबा तेरे हवाले,
दास 'गणेश' की अर्जी बाबा,
अपना दास बनाले,
तेरा ही बस एक आसरा,
तेरा ही आधार है,
आजा मेरे साँवरे,
तेरा इंतज़ार है।bd।

---

छोटी सी एक अर्जी मेरी,
छोटी सी दरकार है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

Singer / Upload – Ganesh Rajput
7999629343

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com